पंजाब केसरी
04-03-2025



प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर्स व उपस्थित स्टाफ सदस्य व वक्ता। (चंद्रमोहन)

# बच्चों को जैव विविधता और इसका महत्व बताया

अम्बाला, 3 मार्च (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट में विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बॉटनी, जूलॉजी विभाग, बायोलॉजिकल एसोसिएशन और इको क्लब द्वारा किया गया। कार्यक्रम की थीम वन्य जीवन की रक्षा करें, ग्रह की रक्षा करें, रखी गई थी। वहीं बच्चों को पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिया गया।

इस अवसर पर डॉ. कुलदीप यादव ने बच्चों को जैव विविधता और इसके महत्व के बारे में बताया। डॉ. शिखा जग्गी ने जैव विविधता के लिए बढ़ते खतरों के कारण और हम उनका मुकाबला कैसे कर सकते हैं, के बारे में बताया। प्रतियोगिता के लिए निर्णायक मंडल में डॉ. मीनू राठी ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. एस.के. पांडे और डॉ. नियति उपस्थित रहे।

प्राचार्य ने बच्चों को संदेश दिया कि हमें वन्यजीवों की रक्षा करनी चाहिए और जैव विविधता को बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे छोटे-छोटे प्रयास वन्यजीवों की रक्षा में बड़ा योगदान कर सकते हैं।